नव भारत
1934 से

# जानापाव में कृष्ण-परशुराम साथ

## मुख्यमंत्री बोले- कृष्ण और राम के स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करेगी सरकार

नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 4 सितंबर. जन्माष्टमी पर शुक्रवार को जानापाव की पहाड़ी आस्था और धार्मिक आयोजनों से सराबोर रही. भगवान परशुराम की जन्मस्थली माने जाने वाले इस पौराणिक स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करीब 17 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाले 'परशुराम लोक' और 'श्रीकृष्ण लोक' का भूमिपूजन किया.**

महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित होने वाली यह परियोजना जानापाव को धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने जानापाव में महर्षि परशुराम से सुदर्शन चक्र प्राप्त किया था. यही कारण है कि कृष्ण और परशुराम से जुड़े इस स्थल का धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है. उन्होंने कहा कि प्रदेश के करीब पांच हजार वर्ष पुराने पौराणिक इतिहास को नए सिरे से सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है.



### रोपवे से आसान होगी पहाड़ी की चढ़ाई

परियोजना में यज्ञकुंड का पुनर्विकास, ऑडिटोरियम, ध्यान कुटीर, हर्बल गार्डन, लैंडस्केपिंग, बहुउद्देशीय भवन और जनसुविधाओं का विस्तार किया जाएगा. पहाड़ी तक श्रद्धालुओं की पहुंच आसान बनाने के लिए रोपवे निर्माण भी प्रस्तावित है.

### रोजगार के नए अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल लोक के बाद उज्जैन में धार्मिक पर्यटन बढ़ा है और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिले हैं. इसी तर्ज पर जानापाव को भी आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा.

डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम ने मध्यप्रदेश में जहां-जहां चरण रखे, उन स्थलों को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा. चित्रकूट, जानापाव, श्रीराम के वनगमन से जुड़े आश्रमों के साथ कृष्ण से जुड़े रुक्मिणी हरण और धार जिले के पौराणिक युद्ध स्थलों को भी विकास की योजना में शामिल किया जाएगा.

**दही हांडी का आयोजन:** कार्यक्रम में कृष्ण लीलाओं पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं और दही हांडी का आयोजन किया गया. मुख्यमंत्री ने जानापाव मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की. इस दौरान सांसद कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

# मप्र ने निवेशकों का दिल और विश्वास जीता

## 900 करोड़ की लागत से तैयार, दो हजार को मिलेगा रोजगार

- सरकार निवेशकों का पूरा सहयोग करने के लिए तैयार
- सीएम ने ट्रांसफॉर्मर यूनिट का किया शुभारंभ

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल/सीहोर, 4 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र में औद्योगिक विकास और निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है. सरकार छोटे-बड़े सभी निवेशकों को पूरा सहयोग देने के लिए तैयार है. जहां निवेश है वहां रोजगार है. मप्र ने निवेशकों का दिल और विश्वास जीता है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले के बड़ियाखेड़ी में क्रॉम्पटन ग्रीव्स की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के शुभारंभ और पहले ट्रांसफॉर्मर के रोल-आउट के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. यह देश में इस प्रकार की सबसे बड़ी इकाई है.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन्माष्टमी के पावन अवसर पर लगभग 900 करोड़ की लागत से तैयार हुई सीजी पॉवर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर फैक्ट्री का लोकार्पण इस सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग अनुकूल नीतियों के कारण देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में मध्यप्रदेश आकर उद्योग स्थापित करने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित हो रही है. हमारा प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है. प्रदेश में आ रहीं फैक्ट्रियों में केवल उत्पाद तैयार नहीं होता है, बल्कि इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि भी हो रही है.




### रिकॉर्ड 13 महीने में तैयार हुई दुनिया की सबसे बड़ी यूनिट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत वर्ष अगस्त में भूमि-पूजन के बाद रिकॉर्ड 13 महीने में सीहोर में दुनिया की सबसे बड़ी ट्रांसफॉर्मर निर्माण फैक्ट्री प्रारंभ हुई है. देश के इलेक्ट्रिकल इको सिस्टम को ट्रांसफॉर्म करने में सीजी पॉवर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस की पॉवर ट्रांसफॉर्मर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बड़ी भूमिका निभाएगी. इस इकाई से क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी. सीहोर में टायर से लेकर ट्रांसफॉर्मर तक सब कुछ तैयार हो रहा है.

### पैशन, पोटेंशियल, पॉलिसी परफॉर्मेंस नई पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पैशन, पोटेंशियल, पॉलिसी, परफॉर्मेंस और प्रोडक्शन मप्र की नई औद्योगिक पहचान बन गए हैं. उद्योग स्थापित करने वाले निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार तत्पर है. राज्य में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है, जिससे औद्योगिक विकास के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं. सीहोर में देश की सबसे बड़ी ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई का लोकार्पण ऐतिहासिक अवसर है. देश के ऊर्जा एवं औद्योगिक इको सिस्टम को ट्रांसफॉर्म करने में इस उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. अब डाई से लेकर ट्रांसफॉर्मर तक का निर्माण सीहोर में होने लगा है, जो जिले में बढ़ते औद्योगिक विकास का प्रमाण है.

## एक नजर में

### ग्वालियर में स्वाइन फ्लू की दस्तक, दो मरीज मिले

**ग्वालियर.** ग्वालियर में मौसमी बीमारियों और बुखार के बीच स्वाइन फ्लू (एच1एन1) ने दस्तक दी है. पिंटो पार्क निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग, जो मालदीव से लौटे हैं, और आंध्र प्रदेश से आए 23 वर्षीय युवक में संक्रमण की पुष्टि हुई है. दोनों का निजी अस्पतालों में उपचार चल रहा है. संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जयारोग्य अस्पताल, हजार बिस्तर अस्पताल और जिला अस्पताल मुरार में आइसोलेशन वार्ड और बेड आरक्षित किए हैं.

### महिला से एक करोड़ की धोखाधड़ी, केस दर्ज

**जावरा.** महाराष्ट्र निवासी एक महिला ने मुंबई के व्यापारी सिद्धार्थ बांठिया पर व्यापार के नाम पर करीब एक करोड़ रुपए की संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है. महिला का कहना है कि आरोपी ने एक महीने के लिए 550 ग्राम सोना और 10 लाख रुपए नकद लिए थे, लेकिन दो साल बाद भी वापस नहीं किए. रकम और सोना मांगने पर परिवार को समाज में बदनाम करने की धमकी देने का भी आरोप है.

### नीमच में 15 वर्षीय बालिका की करंट से मौत

**जीरन.** जीरन थाना क्षेत्र के भंवरासा गांव में गुरुवार देर शाम घर में काम करते समय 15 वर्षीय भावना पिता केशर सिंह सोंधिया राजपूत करंट की चपेट में आ गई. हादसे में वह बेहोश होकर गिर पड़ी. परिजन उसे तत्काल नीमच जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. हादसे की खबर से परिवार में मातम छा गया. बाद में गमगीन माहौल में शव को गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया.

# प्रमुख सचिव पंचायत पेश करें जवाब

- सरकार से मांगा व्हाइट पेपर,तबादले पर रोक जारी
- ग्राम रोजगार सहायकों के तबादलों का मामला

**जबलपुर, 04 सितबंर. हाईकोर्ट ने ग्राम रोजगार सहायकों के स्थानांतरण से जुड़े मामले में राज्य शासन से विस्तृत जवाब तलब किया है. कोर्ट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव को शपथ-पत्र दाखिल करने के निर्देश देते हुए ग्राम रोजगार सहायकों के तबादलों की पूरी प्रक्रिया स्पष्ट करने को कहा है.**

न्यायालय ने सरकार से इस संबंध में व्हाइट पेपर भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. यह आदेश अश्विनी कुमार गुप्ता बनाम मध्य प्रदेश शासन सहित अन्य मामले की सुनवाई के दौरान पारित हुआ. पन्ना निवासी याचिकाकर्ता अश्विनी गुप्ता की ओर से अधिवक्ता आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा. मामले में मुख्य विवाद ग्राम रोजगार सहायक के पद की स्थानांतरणीय प्रकृति को लेकर है. शासन की नीति में इस पद को स्थानांतरणीय बताया गया है, जबकि याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि ग्राम रोजगार सहायक का पद गैर स्थानांतरणीय है. सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह भी बताया गया कि इसी मुद्दे को लेकर पूर्व में कई याचिकाएं दायर हो चुकी हैं और विभिन्न मामलों में तबादला आदेशों पर अंतरिम रोक भी लगाई गई है.

राज्य शासन की ओर से पूर्व में पारित आदेश का हवाला दिया गया, जबकि याचिकाकर्ता की ओर से एक आदेश का उल्लेख किया गया, जिसमें समान परिस्थितियों में तबादला आदेश पर रोक लगाई गई थी. कोर्ट ने विभाग से यह स्पष्ट करने को कहा है कि ग्राम रोजगार सहायकों के तबादले किस नीति, प्रक्रिया और अधिकार के तहत किए जा रहे हैं. हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई तक विवादित तबादला आदेश के प्रभाव एवं क्रियान्वयन पर रोक जारी रखी है.

### सीए से 21.5 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा

**ग्वालियर, 4 सितंबर.** ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर सीए अशोक विजयवर्गीय से 21.5 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड नेटवर्क का खुलासा किया है. पुलिस ने कानपुर से नेटवर्क के तीन प्रमुख अकाउंट हैंडलरों को गिरफ्तार किया है. तीनों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया. इस मामले में अब तक छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है. जांच में सामने आया कि आरोपी कानपुर में 'विकनोवा बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से फर्जी कंपनी बनाकर उसके नाम पर करंट अकाउंट खुलवाते थे.

# बच्चों की मौत के दावे पर हाईकोर्ट सख्त

## पीआईएल लगाने पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता से मांगी ग्राउंट रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 4 सितंबर. बालाघाट के बैहर और बिरसा क्षेत्र में करीब ढाई महीने में 30 बच्चों की मौत के दावे को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा कि केवल अखबारों में प्रकाशित खबरों के आधार पर जनहित याचिका दायर करना पर्याप्त नहीं है.**


कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पहले बालाघाट जाकर बैहर और बिरसा क्षेत्र की वास्तविक स्थिति देखने, उपलब्ध तथ्यों की पुष्टि करने और रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए. मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी.



अधिवक्ता अंशुल तिवारी ने याचिका में दावा किया है कि बैहर और बिरसा में मलेरिया, खसरा, कुपोषण, चर्मरोग और डायरिया जैसी बीमारियों के कारण हाल में 30 बच्चों की मौत हुई है.

### आदिवासी संगठनों ने भी उठाए सवाल

आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने दावा किया कि प्रभावित क्षेत्रों में बीमार बच्चों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला जारी है. उन्होंने बच्चों की मौत के पीछे कुपोषण और टीकाकरण की कमी को भी कारण बताया और मृत बच्चों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने की मांग की. उनके मुताबिक, प्रदर्शन में प्रदेश के अन्य आदिवासी क्षेत्रों से भी प्रतिनिधि पहुंचे थे.



# कोकीन ने खोला विदेशी नेटवर्क

## पुलिस ने नालासोपारा से दो विदेशी पकड़े

नव भारत न्यूज

**इंदौर. 58 ग्राम कोकीन की बरामदगी ने शहर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क की परतें खोल दी हैं. पुलिस की तकनीकी जांच नालासोपारा तक पहुंची, जहां से युगांडा की महिला और नाइजीरियाई युवक को गिरफ्तार किया. नेटवर्क की कमान नाइजीरिया और भारत से संभाली जा रही थी.**

नालासोपारा से नकीजेबे कबोमा डेविड सरा और डेमियन चिजेओके ओकोरा को पकड़ा है. दोनों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इंदौर में इस नेटवर्क से जुड़े लोग कौन हैं और कोकीन की स्थानीय डिलीवरी किन लोगों तक पहुंचाई जानी थी. मामले में 30 अगस्त को धार रोड से नाइजीरियाई महिला ओलाजिदे एस्थर इनिया इयानो लोबा को 58 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया. रिमांड के दौरान उसके मोबाइल की तकनीकी जांच और आईपीडीआर से नालासोपारा के संपर्क सामने आए. इसके बाद पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर दोनों विदेशी नागरिकों को पकड़ा.

### स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश की चमक

**भोपाल, 4 सितंबर. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत आयोजित राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है.**

इंदौर और जबलपुर को शहर स्तर पर बेहतर वायु गुणवत्ता प्रबंधन तथा भोपाल नगर निगम के वार्ड क्रमांक-60 को वार्ड स्तर पर किए गए नवाचारों के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सराहना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा. सम्मान समारोह 7 सितंबर को नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन के गंगा सभागार में स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर होगा. केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव पुरस्कार प्रदान करेंगे. इंदौर ने धूल नियंत्रण, वैज्ञानिक सड़क सफाई, हरित पट्टियों के विस्तार और निर्माण-विध्वंस अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन के साथ जनभागीदारी के जरिए वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में प्रभावी कार्य किया. जबलपुर ने भी प्रदूषण नियंत्रण रणनीतियों, हरित पहलों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया.

#### इंदौर-जबलपुर और भोपाल वार्ड-60 को सम्मान

# राहुल के कार्यक्रम में बारकोड से एंट्री

## युवाओं का पंजीयन करने सड़क पर, आज से मैदान में कांग्रेस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तहत कांग्रेस ने युवाओं एवं छात्रों के पंजीयन हेतु बारकोड जारी किया है. इसके तहत कांग्रेस ने बड़ी संख्या में छात्रों का पंजीयन करने का लक्ष्य रखा है. कांग्रेस द्वारा आज से शहर के छात्र - छात्रा बहुल इलाकों में पंजीयन करने की शुरुआत की जाएगी.**

इंदौर में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का 19 सितंबर को छात्रों की गूंज कार्यक्रम प्रस्तावित है. इसको लेकर कांग्रेस ने युवाओं एवं छात्रों के ऑनलाइन पंजीयन हेतु बारकोड कल जारी कर दिया है. बारकोड के द्वारा युवा शिक्षा सहित अपनी विभिन्न समस्याओं की जानकारी अपलोड कर सकेंगे. साथ ही कुछ चुनिंदा युवाओं छात्र छात्राओं को मंच पर बुलाकर द्वारा वर्तमान शिक्षा को लेकर बातचीत की जाएगी. साथ ही मोदी सरकार की शिक्षा प्रणाली पर छात्र अपनी बात भी रखेंगे. इसके लिए आज से पूरी कांग्रेस छात्रों और युवाओं का पंजीयन करने के लिए सड़क पर निकलेगी. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में युवाओं और छात्रों से सीधा संवाद शुरू किया गया है.



# सीएम हाउस तक पहुंचा मोबाइल लूट का मामला

- मुख्यमंत्री के परिचित से पलासिया में लूट का मामला
- बदमाशों की तलाश में कई टीमें, दर्ज हुई एफआईआर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के परिचित से मोबाइल लूट का मामला शिकायत के बाद सीधे सीएम हाउस तक पहुंच गया. 31 अगस्त की रात पलासिया क्षेत्र में वारदात के बाद पीड़ित थाने पहुंचा, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बजाय आवेदन ले लिया. अगले दिन वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद प्रकरण दर्ज किया.**

उज्जैन निवासी अनमोल वर्मा निजी काम से इंदौर आए थे. 31 अगस्त की रात करीब 10 बजे इंद्रदेव महादेव मंदिर क्षेत्र में पल्सर सवार बदमाश उनका महंगा मोबाइल छीनकर भाग गए. अनमोल ने पलासिया थाने पहुंचकर शिकायत की थी. मामला 1 सितंबर को उज्जैन स्थित मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचा. वहां से इंदौर पुलिस आयुक्त और डीसीपी को जानकारी मिलने के बाद पलासिया पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया. इसके बाद मोबाइल और आरोपियों की तलाश के लिए कई थानों की पुलिस को लगाया है. जांच में पुलिस को बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं. फुटेज और तकनीकी सुरागों के आधार पर उनकी पहचान और संभावित ठिकानों की तलाश की जा रही है.

**आस्था** | ग्वालियर के गोपाल मंदिर के साल भर बैंक के लॉकर में रखे जाते हैं आभूषण, जन्माष्टमी पर झलक पाकर भाव-विभोर हुए भक्त

# 120 करोड़ के रत्नजड़ित गहनों से सजे राधा-कृष्ण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 4 सितंबर. शहर के फूलबाग क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक और प्राचीन गोपाल मंदिर पर सुबह से मध्य रात्रि तक भक्तों का मेला लगा रहा, यहाँ विराजे राधा कृष्ण का राजसी श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा, भगवान को 120 करोड़ रुपये से ज्यादा के रत्नजड़ित बेशकीमती आभूषण पहनाए गए, जिसके बाद भगवान की छटा देखते ही बन रही थी, मंदिर के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए, अनमोल गहनों की हिफाज़त के लिए पुलिस ने चारों तरफ पैनी नजर बनाये रखी.**



इससे पूर्व सुबह बैंक खुलते ही गोपाल मंदिर में विराजे भगवान राधा कृष्ण के रियासतकालीन रत्न जड़ित आभूषण, सोने चांदी के गहने, चांदी के बर्तन आदि नगर निगम के अधिकारियों ने लॉकर से पूरी सुरक्षा के साथ निकाले फिर लिस्ट से उसका मिलान कर एक एक आभूषण को देखा फिर मंदिर में बैठकर उनकी गिनती की और भगवान का श्रृंगार किया. इस दौरान महापौर डॉ शोभा सिकरवार, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, निगम कमिश्नर अभिषेक चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

जिन आभूषणों से भगवान का श्रृंगार किया गया उनमें सोने के मुकुट, हीरा, पन्ना, माणिक, पुखराज, मोती और सोने-चांदी के गहने, सोने की बांसुरी आदि शामिल है. इसमें सबसे विशेष 62 असली मोतियों और 55 पन्नों वाला सात लड़ियों का प्रसिद्ध हार है जिसकी कीमत लगभग 35 करोड़ रुपये के आसपास आंकी गई है, भगवान को भोग लगाने के लिए चांदी के बर्तन भी उपयोग में लाये गए.

### जहां कान्हा के रूप में पूजे जाते हैं राम

**उमरिया.** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जन्माष्टमी की परंपरा कुछ अनोखी है. यहां बाघों के साम्राज्य के बीच पहाड़ की चोटी पर स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने श्रीराम जानकी मंदिर में भगवान श्रीराम को कान्हा और माता सीता को राधा रानी के रूप में पूजने की परंपरा है. ताला गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर घने जंगल में बांधवाधीश मंदिर के पट आम दिनों में श्रद्धालुओं के लिए बंद रहते हैं, केवल एक दिन कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर खोले जाते हैं.

**महाराजा की शर्त का पालन:** स्थानीयजनों के अनुसार, बांधवगढ़ में कभी बघेल राजाओं का शासन था. राज्य विस्तार उपरान्त तत्कालीन महाराजा मार्तंड सिंह ने मध्य प्रदेश शासन को टाइगर रिजर्व के लिए बांधवगढ़ का क्षेत्र दान किया. उन्होंने सरकार के सामने शर्त रखी कि बांधवगढ़ किले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लगने वाले पारंपरिक मेले और धार्मिक आयोजन को बंद नहीं किया जाएगा. इस शर्त के कारण वर्ष में एक दिन श्रद्धालुओं को किले के भीतर स्थित मंदिर तक पहुंचने की अनुमति मिलती है.

# सरई में कार से 2 किलो गांजा बरामद

नवभारत न्यूज

**सरई.** जन्माष्टमी त्योहार के मद्देनजर सरई पुलिस की रात्रि गश्त और वाहन जांच के दौरान गांजा तस्करी का मामला पकड़ा गया. ग्राम झारा की ओर से आ रही ग्रे रंग की रेनाल्ट क्विड कार क्रमांक सीजी 12 एक्यू 8157 पुलिस को देखकर रुक गई और चालक ने वाहन मोड़ने का प्रयास किया. संदेह होने पर पुलिस ने कार को रोककर तलाशी ली. डिग्गी से 2 किलो 65 ग्राम गांजा बरामद हुआ. पुलिस ने कार सवार अरविंद उर्फ सिब्बू सेन (27), निवासी मेला मैदान, सोहागपुर, शहडोल और रामसजीवन साहू (43), निवासी बंजारी, थाना सरई को गिरफ्तार किया. बरामद गांजे की कीमत करीब 30 हजार और कार की कीमत करीब 5 लाख आंकी गई है. पुलिस ने गांजा और वाहन सहित कुल 5 लाख 30 हजार रुपए की सामग्री जब्त की. थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.